मूल्य 1 रु.
वर्षः 11 - अंक : 224, मुंबई, सोमवार , 25 अक्टूबर, 2021 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

॥ शुभ लाभ ॥
MIX MITHAI

• मोतीचूर लड्डू • काजू कतरी • काजू रोल
• बदाम बर्फी • मलाई पेड़े • रसगुल्ले
MM MITHAIWALA
Malad (W) Tel. : 288 99 501

# हम 'हीरोइन' नहीं 'हेरोइन' पकड़ते हैं

## मुख्यमंत्री ने कहा इसलिए हमारी कोई चर्चा नहीं होती



**मुंबई।** मुंबई महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) की सक्रियता पर गहरा तंज कसा है। ठाकरे ने कहा, मौजूदा परिस्थिति से ऐसा लग रहा है कि पूरी दुनिया के नशीले पदार्थ सिर्फ महाराष्ट्र में मौजूद हैं। चार दिन पहले मुंबई और महाराष्ट्र पुलिस ने 25 करोड़ रुपए की हेरोइन पकड़ी, लेकिन उस पर कोई चर्चा नहीं हुई, क्योंकि उन्होंने 'हेरोइन' पकड़ी थी, 'हीरोइन' नही। CM ने आगे कहा, महाराष्ट्र पुलिस की पूरे देश में प्रतिष्ठा है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# राज ठाकरे को कोरोना



**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उनमें कोविड के मामूली लक्षण हैं। राज के साथ उनकी मां भी संक्रमित हो गई हैं। फिलहाल उन्होंने खुद को घर में ही क्वारैंटाइन किया है। राज ने सोशल मीडिया पर पिछले एक सप्ताह के दौरान उनके संपर्क में आने वाले लोगों से टेस्ट करवाने की बात कही है। राज ठाकरे पिछले कई दिनों से पुणे और नासिक समेत कई शहरों का दौरा कर रहे थे। इस दौरान पुणे में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक भी हुई थी। राज ठाकरे कोरोना काल में भी कभी मास्क पहने नजर नहीं आए। वे अपने घर कृष्ण कुंज पर भी लोगों से बिना मास्क लगाए ही मुलाकात करते हैं। BMC के अधिकारियों के मुताबिक, राज और उनकी मां को कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लग चुके हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# 25 करोड़ आर्यन खान की आजादी की कीमत

## नवाब मलिक ने फिर एनसीबी को घेरा बोले- SIT जांच हुई तो कई खुलासे होंगे

**मुंबई।** मुंबई क्रूज ड्रग्स मामले में लगातार नए दावे सामने आ रहे हैं। बॉलिवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान के मामले में जो नई जानकारी सामने आई है, वह बहुत चौंकाने वाली है। दरअसल, किरण गोसावी के कथित रूप से बॉडीगार्ड रहे प्रभाकर सैल ने एक हलफनामे में कई दावे किए हैं। प्रभाकर ने इस बात का दावा किया है कि किरण गोसावी ने आर्यन खान को छोड़ने के एवज में 25 करोड़ रुपये की मांग की थी। यही नहीं, इस हलफनामे के मुताबिक, पैसे की मांग एनसीबी चीफ समीर वानखेड़े की ओर से गई थी।



हालांकि, एनसीबी ने इन सभी आरोपों से इनकार किया है। इस मामले में समीर वानखेड़े ने कहा है कि वह इन आरोपों का करारा जवाब देंगे। उधर, दूसरी ओर महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नवाब मलिक ने फिर से एनसीबी को कठघरे में खड़ा किया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)


# दिवाली पर राजू पोपट का निकलेगा दिवाला



पुलिस आयुक्त वाशी नवी मुंबई बिपिन कुमार सिंह से सामजिक संस्था के लोगो ने अपील की है की राजू पोपट व दिलीप टप्पू का जुगार खाना व कसीनो को जल्द से जल्द कड़ी करवाई की जाये और इसको तुरंत बंद करने के आदेश दिए जाये राजू पोपट व दिलीप टप्पू के ऊपर कड़ी से कड़ी करवाई की जाये ताकि आनेवाले कल में कोई ऐसे जुगार खाना चलाने की हिम्मत न कर सके और इस सारे मामले की जानकारी बिपिन कुमार सिंह को व्हाट्सप्प व ईमेल और फोन दुवारा सूचित किया गया है इस मामले को अनदेखा ना किया जाये सामाजिक संस्था के लोगो ने बिपिन कुमार सिंह से अपील की है।

## सतरा प्लाजा में राजू पोपट व दिलीप टप्पू पूरी रात धड़ल्ले से 21 रमी टेबल, कसीनो, तीन पत्ती और अनेक तरह के चला रहा है जुगार

**सतरा प्लाजा पहिला माला 19/D पाम बीच रोड वाशी नवी मुंबइ में जुगार संचालक राजू पोपट व दिलीप टप्पू द्वारा चलाए जा रहे जुगार के अवैध धंधे में क्या पुलिस की है हिस्सेदारी?** (शेष पृष्ठ 3 पर)




**राजू पोपट का ये वो नंबर है अगर इसकी जांच सही ढंग से की जाये तो बहुत बड़े बड़े सफेद पॉश नेता व सरकारी अधिकारी का पर्दा फाश हो सकता है 9820003390**

युवा पीढ़ी, महिलाओं व सीनियर सिटीजन की जिंदगी जुगार की लत लगाकर खराब कर रहा है।



# ड्रग्स केस में लेन-देन की जांच

**मुंबई।** क्रूज ड्रग्स केस में जेल में बंद शाहरूख खान के बेटे आर्यन खान सहित सभी 20 आरोपियों के बैंक डिटेल्स की जांच जारी हैं। NCB के आला अधिकारियों के मुताबिक ड्रग्स खरीदने के लिए आरोपी नंबर एक आर्यन खान ने कभी पैसे अपने अकाउंट से दिए हैं या नहीं इसकी जांच की जा रही है। जांच एजेंसी के मुताबिक, अनन्या से पूछताछ में कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। अगर जरूरत पड़ी तो कुछ नए चैट्स हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान जज को दिखाए जाएंगे। NCB अधिकारियों के मुताबिक इस केस से जुड़े पांच से सात नए ड्रग्स पेडलर्स की डिटेल्स हमारे हाथ लगी हैं अन्य राज्यों से ड्रग्स महाराष्ट्र में आने के सबूत भी मिले हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# महाराष्ट्र के जलगांव में गुंडे के समर्थकों ने निकाली रैली एसपी ने दिए जांच के आदेश



**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले के शेदुर्नी गांव में मामूली गुंडे का जेल से रिहा होने पर समर्थकों ने जमकर स्वागत करते हुए शोर शराबा किया। वेलकम वीडियो वायरल होने पर जिले के एसपी ने मामले का संज्ञान लेते हुए कड़ी कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इसके पहले भी पुणे के एक गुंडे के नवी मुंबई की तलोजा जेल से बेल पर रिहा होने के बाद 300 गाड़ियों का काफिला निकाला गया था।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

# आतंक पर अधूरा प्रहार

आतंकवाद को पहुंच रही आर्थिक मदद को रोकना उतना ही जरूरी है, जितना आतंकवाद को रोकना। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ताजा ग्रे सूची में पाकिस्तान का नाम अगर बरकरार है, तो शायद ही किसी को आश्चर्य हुआ होगा। आतंक और आतंकियों के प्रति पाकिस्तान का जो खुला समर्थन है, वह किसी से छिपा नहीं है। पाकिस्तान वर्ष 2018 से ही ग्रे सूची में है और लगातार प्रयासरत है कि वह इस सूची से बाहर आ जाए, लेकिन एफएटीएफ की शर्तें आडे.आ रही हैं। खास यह है कि अब तो पाकिस्तान का खास सहयोगी तुर्की भी इस ग्रे सूची में शामिल कर लिया गया है। जॉर्डन और माली भी इस सूची में डाले गए हैं। कुल मिलाकर दुनिया के 23 देश ऐसे हैं, जिनका वित्तीय व्यवहार पारदर्शी नहीं है।

एफएटीएफ के अध्यक्ष मार्कस प्लेयर ने कहा है कि पाकिस्तान सहयोग कर रहा है और उसे अब सिर्फ चार शर्तों को पूरा करना है। वैसे कायदे से तो पाकिस्तान जैसे संदिग्ध देश को काली सूची में होना चाहिए, पर मार्कस प्लेयर ने कहा है कि अभी के लिए पाकिस्तान को ह्यब्लैक लिस्टह्ण करने का कोई सवाल ही नहीं है। यह पाकिस्तान जैसे देश के लिए सफलता ही है कि वह दुनिया के सबसे खूंखार आतंकी ओसामा बिन लादेन को शहीद मानने के बावजूद महज ग्रे सूची में है। अमेरिका सहित तमाम देश जानते हैं कि पाकिस्तान किस तरह से आतंकी जमातों को खड़ा करता रहा है, उसने किस तरह से तालिबान को बचाया और खड़ा किया है। पाकिस्तान किस तरह से कश्मीर में अलगाववादियों और आतंकियों को हरसंभव मदद देता है। यह जानने के बावजूद पाकिस्तान यदि ग्रे सूची में है, तो यह भारतीय कूटनीति के लिए एक नाकामी है। क्या हम आतंकियों की फंडिंग का खुलासा नहीं कर पा रहे हैं? भारत चूंकि सर्वाधिक पीड़ित है, इसलिए उसे विशेष प्रयास करने चाहिए कि आतंकियों को मिलने वाली आर्थिक मदद किसी भी तरह से रुक जाए। आर्थिक मदद को भी अगर हम रोक सके, तो आधी जीत हासिल कर लेंगे? पाकिस्तान जैसे देश न केवल पैसे का गलत इस्तेमाल होने देते हैं, बल्कि शिकायत मिलने पर जांच तक नहीं करते हैं?

बात-बात पर भारत के खिलाफ और पाकिस्तान के साथ खडे.होने वाले तुर्की के साथ भी यही समस्या है। यह तुर्की के लिए शर्म की बात है कि उसे ग्रे सूची में डाल दिया गया है। क्या यही मुस्तफा कमाल पाशा द्वारा स्थापित तुर्की है? मुस्लिम दुनिया में सेकुलर धारा के लिए पहचान बनाने वाला तुर्की भी मजहबी आतंकियों को धन मुहैया करा रहा है? पाकिस्तान और तुर्की ऐसे देश हैं, जिनके मुंह से भारत में आतंकी हिंसा के खिलाफ कभी दो शब्द नहीं निकलते हैं, इनका ध्यान केवल भारत की उन कमियों पर लगा रहता है, जो मोटे तौर पर मजहबी आतंक की वजह से ही पैदा हुई हैं। क्या तुर्की ने कभी पाकिस्तान से कहा है कि हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे सूचीबद्ध आतंकियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करे? जब तक पाकिस्तान खुद में सुधार न लाए, तब तक उसे ग्रे सूची में रखना चाहिए। यह भी तय करना चाहिए कि किसी देश को ग्रे सूची में कब तक रखा जा सकता है। हो सकता है, ग्रे सूची में रहकर उसे ज्यादा नुकसान नहीं हो रहा हो और वह आतंक समर्थक नीतियों को जारी रखने में बड़ा फायदा समझ रहा हो।

# टीकाकरण में ऐतिहासिक सफलता




**देश में 75 प्रतिशत वयस्कों को कम से कम एक खुराक दी जा चुकी है... जो 25 प्रतिशत लोग बचे हैं, वे खास कर जनजातीय और दूरदराज इलाकों के लोग हैं...**

**कोविड** टीकाकरण का आंकड़ा 100 करोड़ को पार कर गया है, निश्चित ही ये उल्लेखनीय कामयाबी है। हालांकि, सरकार ने दिसंबर के अंत कर देश की पूरी वयस्क आबादी को टीका देने का लक्ष्य निर्धारित किया हुआ था। लेकिन, अभी भी हम तय लक्ष्य से दूर हैं। देश में 100 करोड़ लोगों को टीके की पहली खुराक देकर हमने एक बड़ा पड़ाव पार किया है। इतनी बड़ी आबादी को टीका दे पाना आसान काम नहीं था। छह से आठ महीने पहले किसी ने कल्पना नहीं की थी कि 100 करोड़ के लक्ष्य को हम दिसंबर से पहले पार कर जायेंगे।

सरकार ने जब एक अरब वयस्कों को टीका देने का लक्ष्य घोषित किया था, तात्पर्य दो अरब खुराकें देने का था, तो लोग इस पर विश्वास नहीं कर पा रहे थे। भले ही उस समय यह वास्तविक प्रतीत नहीं हो रहा था, लेकिन अब स्पष्ट है कि हम लक्ष्य से उतना दूर नहीं हैं, जितना चार या छह महीने पहले सोच रहे थे। भले ही दिसंबर में नहीं, लेकिन जनवरी-फरवरी तक हम उस लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

हाल के दिनों में राज्यवार टीके की आपूर्ति में काफी सुधार आया है। सभी राज्यों के पास पर्याप्त टीका उपलब्ध है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, राज्यों के टीकाकरण केंद्रों पर अभी 10।85 करोड़ खुराकें बची हैं। दो-तीन हफ्ते पहले टीके की उपलब्धता तीन से चार करोड़ थी। अब बढ़कर वह 10 करोड़ से अधिक हो गयी है। अभी मांग में शिथिलता आयी है। एक-डेढ़ महीने पहले आपूर्ति को लेकर आशंका थी। अभी भारत में लगभग 75 प्रतिशत वयस्क आबादी को टीके की कम-से-कम एक खुराक दी जा चुकी है। यानी 18 साल की आयु पार कर चुके हर चार में से तीन वयस्क को टीके की एक खुराक मिल चुकी है। हालांकि, अभी 25 प्रतिशत आबादी टीके से वंचित है।

आगे टीका लेनेवालों की संख्या कम होती जायेगी। आंकड़ों के मुताबिक 31 प्रतिशत लोगों को टीके की दोनों खुराकें दी जा चुकी हैं। जनवरी में टीकाकरण की शुरूआत के बाद पहली बार बीते दो हफ्तों से देखा जा रहा है कि दूसरी खुराक के रोजाना के आंकड़े पहली खुराक की आंकड़ों से अधिक दर्ज हो रहे हैं, यानी दूसरी खुराक लेनेवालों की संख्या बढ़ रही है। साथ ही राज्यों के पास टीके की बची हुई खुराक का आंकड़ा यानी स्टॉक भी बढ़ रहा है। इससे स्पष्ट है कि टीके के लिए आगे आनेवालों की संख्या में कमी आ रही है। यदि हमें 95 करोड़ की वयस्क आबादी को दोनों खुराकें मुहैया करानी है, तो जिला स्तर या उससे नीचे सामुदायिक स्तर पर लोगों को टीके के प्रति जागरूक करना पड़ेगा। इसमें स्थानीय नेतृत्व, धार्मिक नेताओं, कलाकारों, एनजीओ, स्कूलों-कॉलेजों के बच्चों की मदद ली जा सकती है।

अभी तक यह प्रवृत्ति देखी गयी है कि अगर नजदीक के वैक्सीन सेंटर में टीका आता था, तो लोग खुद ही जाकर टीका लगवाते थे। अब ऐसे लोगों की संख्या कम होती जायेगी, क्योंकि 75 प्रतिशत लोग कवर हो चुके हैं। जो 25 प्रतिशत लोग बचे हैं, वे खासकर जनजातीय इलाकों, दूरदराज इलाकों के रहनेवाले लोग हैं। जो लोग स्वास्थ्य या टीकाकरण केंद्रों के पास हैं, लेकिन वैक्सीन को लेकर जागरूक नहीं हैं, उन्हें वैक्सीन मुहैया कराने की चुनौती होगी। कई लोगों को लगता है कि कोविड का संक्रमण होने पर भी उन पर असर नहीं होगा। कुछ लोग वैक्सीन के साइड इफैक्ट जैसे बुखार या दर्द की बात कर रहे हैं। कुछ लोग सोचते होंगे कि कोविड के संक्रमण और वैक्सीन का साइड इफैक्ट एक जैसा ही है, तो वैक्सीन क्यों लूं। ऐसे अतार्किक लोगों को समझाने और जागरूक करने की आवश्यकता है।

भारत में बच्चों की बड़ी आबादी है। उन्हें टीका देने की चुनौती होगी। लेकिन, अगर हम बीमारी की गंभीरता को देखें, तो बड़ों के मुकाबले बच्चों में इसका खतरा कम है। बेहतर होगा कि उन बच्चों को पहले टीका दिया जाये, जो पहले से किसी बीमारी की चपेट में हैं। जो बच्चे डायबिटीज, हार्ट या कैंसर जैसी बीमारियों से पीड़ित हैं, उन बच्चों को डॉक्टर के परामर्श पर टीका दिया जाना चाहिए। देश के बाहर भी बहुत से लोग, जिन्हें अधिक खतरा है, वे वैक्सीन के इंतजार में हैं। अफ्रीका, दक्षिण एशिया, दक्षिण अमेरिका में बड़ी आबादी अभी वैक्सीन से वंचित है।

सीरो प्रीवलेंस सर्वे में स्पष्ट है कि कोविड संक्रमण वयस्कों और बच्चों में लगभग एक जैसा ही रहा है। लेकिन, बच्चों की इम्युनिटी बेहतर है। पहले हमें उन इलाकों में टीकाकरण को बढ़ाना है, जहां लोग इससे पूरी तरह से वंचित हैं। लोगों को दो तरह से प्रतिरक्षा मिलती है, पहली वैक्सीन से, दूसरी संक्रमण से। केरल और असम जैसे कुछ राज्य ऐसे हैं, जहां सीरो प्रीवलेंस कम हैं। कुछ ऐसे भी राज्य हैं, जहां टीके की उपलब्धता कम थी। ऐसे राज्यों पर फोकस करने की आवश्यकता है। इन राज्यों में बड़ी आबादी के संक्रमित होने का खतरा ज्यादा है। इन जगहों पर भीड़भाड़ को रोकना होगा, साथ ही लोगों को सावधानी बरतनी होगी।

झारखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल जैसे कुछ राज्यों में 65 प्रतिशत से कम आबादी का ही टीकाकरण हो पाया है। बिहार और झारखंड में 20 प्रतिशत से कम आबादी को टीके की दोनों खुराकें मिल पायी हैं।

बड़ी आबादी ऐसी भी है, जिसे अभी तक सिंगल डोज भी नहीं मिल पाया है। ये आबादी बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, पंजाब और पश्चिम बंगाल में है, जहां 30 से 45 प्रतिशत आबादी को टीका नहीं मिला है। इन जगहों पर फिर से संक्रमण में तेजी आ सकती है। संक्रमण की दूसरी लहर से पहले भी लोगों ने लापरवाही बरती थी, लोग सोच रहे थे कि संक्रमण दोबारा नहीं आयेगा। लेकिन, संक्रमण आया और काफी लोग इसकी चपेट में आये। हालांकि, इस बार ऐसा नहीं होगा, क्योंकि बड़ी आबादी को कम से कम टीके की एक खुराक मिल चुकी है। जिन राज्यों में संक्रमण होने का खतरा ज्यादा है, वहां मामले तो बढ़ सकते हैं, लेकिन मौतों की संख्या पहले जैसी नहीं होगी। हालांकि, नये वैरिएंट के उभार से हालात बदल सकते हैं। इस संभावना को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता। बहरहाल, वैक्सीन के साथ-साथ संक्रमण से बचाव के लिए सावधानी भी जरूरी है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस. खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, **फोन:9619102478 /9821238815** email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस. खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# गले की हड्डी बनी सत्ताधारी पार्टियों के लिए टोरेंट कंपनी आम आदमी पार्टी का विकल्प मुंब्रा कलवा दिवा मुक्त टोरेंट कंपनी

**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा ।** जैसे चुनाव के दिन करीब आते जा रहे हैं मुंब्रा में टोरेंट कंपनी को लेकर सियासत गरमाती जा रही है फिलहाल देखा जाए तो विपक्ष के हाथ में बहुत बड़ा मुद्दा टोरेंट कंपनी का लग चुका है जिसको लेकर आम आदमी पार्टी के डॉक्टर अल्तमश फैजी अब सड़कों पर उतर कर धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है इन्होंने सत्ताधारी पार्टी का और टोरेंट कंपनी का चारों तरफ से घेराव करना शुरू कर दिया है इस पर सत्ताधारी पार्टी चारों खाने चित होते हुए नजर आ रही है और इनके अट्ठारह नगर सेवकों को अपने सितारे गर्दिश में नजर आ रहे हैं आम आदमी पार्टी के डॉक्टर अल्तमश फैजी ने सत्ताधारी पार्टी के नगरसेवक पर निशाना साधते हुए कहा कि साढे 4 साल तक सोए हुए थे क्या अब नींद से जागे हैं अब इनको जनता की समस्याएं नजर आने लगी है टोरेंट कंपनी की अत्याचार से पूरा मुंब्रा कलवा दिवा परेशान है एक तो कोरोना काल के वजह से देश की हालत बद से बदतर हो गई है लोगों के पास खाने को नहीं है देश का जीडीपी निचले स्तर पर गिर गया है और मुंब्रा को देखा जाए तो मुंब्रा कोई पॉश इलाका नहीं है मुंब्रा गरीब तबका का शहर है एक तो कोरोना की मार से परेशान और उस पर टोरेंट का अत्याचार बढ़ाकर बिल भेजना बकाया पीडी का बिल वसूल करना बिल नहीं भरने पर दादागिरी करना गुंडागिरी करना अब तो अपना बिल का भुगतान करने के लिए टोरेंट कंपनी ने एफ आई आर तक दर्ज कराना मुंब्रा की जनता पर शुरू कर दिया है जिस तरह से टोरेंट कंपनी ने भिवंडी शहर को बर्बाद कर दिया उसी तरह से यह लोग मुंब्रा को बर्बाद कर देंगे उन्होंने बताया मुंब्रा कलवा दिवा में जो बिजली का बिल यह वसूल करते हैं 3:30 से 4 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से लिया जाता है और वहीं दूसरी ओर अहमदाबाद में यही टोरेंट कंपनी दो रुपए यूनिट से बिजली देती है और एक गांव है दहेज वहां पर एक चौथाई यूनिट दर से बिजली देती है तो क्या वह मुंब्रा कलवा दिवा के साथ सौतेला व्यवहार नहीं कर रही है यह टोरेंट कंपनी चाहे तो दे सकती है लेकिन




वह मजबूर है क्योंकि उनको लाने में सत्ताधारी पार्टी के लोगों का कमीशन है वह कहां से निकाल कर देगी इनका मिशन है की जनता इतनी परेशान हो जाए अपना घर बेचकर बदलापुर चले जाए और फिर सत्ताधारी पार्टी इनकी जगह पर कब्जा कर ले उन्होंने साफ तौर पर स्पष्ट कर दिया की टोरेंट कंपनी को लाने में सत्ताधारी पार्टी के आमदार वह राज्य के गृह निर्माण मंत्री डॉ जितेंद्र अवार्ड का हाथ है क्योंकि अगर एनसीपी टोरेंट कंपनी का टिकरा बीजेपी पर फोड़ रही है यह गलत है इनकी मीटिंग 3 फरवरी 2020 को अजित दादा पवार के नेतृत्व में की गई थी मेरे पास सबूत है उस पर अपनी सहमति जताते हुए 28 फरवरी 2020 को मुंब्रा कलवा दिवा में हरी झंडी दिखाते हुए सत्ताधारी पार्टी ने टोरेंट कंपनी को परवानगी दे दी और उन्हीं के पार्टी के लोगों ने कहा हम टोरेंट कंपनी को आने नहीं देंगे अगर टोरेंट कंपनी को मुंब्रा में आना है तो मेरी लाश पर से गुजारना पड़ेगा फिर भी टोरेंट कंपनी ने मुंब्रा में प्रवेश कर लिया और उसका खामियाजा मुंब्रा की जनता को भुगतना पड़ रहा है उन्होंने मुंब्रा कलवा की जनता को जागृत होने के लिए कहा अब वक्त आ गया है सड़कों पर उत्तर आओ जिसका मसला है वह भी और जिस मसला नहीं है उन लोगों से भी गुजारिश है कि वह सड़कों पर जब भी मैं आवाज दूं तू उतर आए और कहां अगर हम महानगर पालिका मैं हमारी सत्ता आ गई तो किस तरह से टोरेंट कंपनी को मुंब्रा कलवा दिवा से मुक्त कराना है यह मैं बताऊंगा और बिजली की दरों में भी जिस तरह से दिल्ली में मुफ्त बिजली 200 यूनिट तक दी जा रही है उसी तरह की फैसिलिटी मुंब्रा कलवा दिवा के लोगों को दी जाएगी।

# मुंब्रा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मधुकर कड का तबादला और उनकी जगह पर कार्यभार संभालेंगे दादाहीरी के चोरे

**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा ।** गत 22 अक्टूबर शुक्रवार शाम 8:00 बजे मुंब्रा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मधुकर कड की बिदाई हो गई उनकी जगह पर डोंबिवली मानपाडा से आए वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दादाहीरी के चोरे को कार्यभार सोपते हुवे उन्होंने अपने मुंब्रा पुलिस स्टेशन में कार्यरत सभी जूनियर से भेंट कर और सभी ने उनका आभार प्रकट किया मुंब्रा में उनके





चाहने वालों ने भी भेंट की और उनको हंसते खेलते बिदा किया और उन्होंने जाते-जाते मुंब्रा वासियों को भी अभिनंदन प्रकट किया बताते चलें मधुकर कड ने मुंब्रा में तकरीबन ढाई साल मुंब्रा वासियों की सेवा की अब उनका ट्रांसफर सेंट्रल पुलिस स्टेशन में कर दिया गया है उनकी जगह दादाहीरी के चोरो ने अपना चार्ज संभाल लिया है और सबसे पहले पत्रकारों ने उनका हार्दिक स्वागत किया फिर उनसे पूछे गए सवाल मुंब्रा में फैल रहा नशा के बारे में तो उन्होंने बड़ी तत्परता से जवाब देते हुए कहा कि मुंब्रा शहर में जो भी नशे का अवैध कारोबार कर रहे हैं उनको मेरी चेतावनी है कि वह अपना नशे का कारोबार बंद कर दे अन्यथा उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और उन्होंने पत्रकारों का भी सहयोग मांगा और कहा मैं यहां नया आया हूं पर हम लोग मिलकर मुंब्रा को नशा मुक्त और क्राइम मुक्त करेंगे ।

# सिंचाई विभाग की लापरवाही से किसानों का हो रहा बहुत बड़ा नुकसान

सेंजनी नानकार में लोगो के घरों में घुसा बाढ़ का पानी भाकियू अन्नदाता ने किया विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को जैसे ही दिन निकला सेंजनी नानकार में लोगों के घरों में बाढ़ का पानी जिससे लोग एकदम घबरा गए और आनन-फानन में प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलने पर भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। लेकिन 1:00 बजे तक कोई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर ना पहुंचने पर भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के पदाधिकारियों और ग्रामीणों का पारा चल गया। उन्होंने जिला प्रशासन हाय-हाय सिंचाई विभाग हाय हाय आदि नारे बाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर अपने विचार रखते हुए प्रदेश अध्यक्ष उस्मान अली पाशा ने कहा। सिंचाई विभाग की लापरवाही से जनपद में किसानों की लाखों हेक्टेयर भूमि मैं खड़ी खरीफ फसलें बर्बाद हुई हैं क्योंकि सिंचाई विभाग कि पहले से कोई तैयारी नहीं थी। जिससे जल निकासी में दिक्कत आई नेहरों की सफाई ना होने की वजह से पानी ने खौद लालपुर मार्ग काट दिया। जिसकी वजह से खौद काशीपुर



आंगा अजयपुर होते हुए सेंजनी नानकार में किसानों की हजारों हेक्टेयर भूमि में खड़ी फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई उन्होंने आगे कहा रविवार तथा सोमवार को हुई भीषण बारिश और उत्तराखंड के जलाशय से छोड़े गए। पानी से पूरे जनपद का प्रत्येक किसान प्रभावित हुआ है। लेकिन अभी तक प्रशासन ने फसलों के नुकसान का आकलन तक शुरू नहीं किया है। और ना ही शासन द्वारा किसानों को राहत देने वाली कोई घोषणा की गई है। जबकि किसानों की खरीफ फसलों के साथ-साथ जायद और रवि फसलों के उगाने तक की आस खत्म हो गई है। उन्होंने आगे कहा इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता द्वारा दिनांक 23 अक्टूबर 2021 को कलेक्ट्रेट रामपुर में प्रदर्शन करने के बाद ज्ञापन देगी। प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में मंडल अध्यक्ष अब्दुल हफीज महिला मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष शबाना खान मोहम्मद नाजिम मोहम्मद फरमान मोहम्मद इमरान शन्नू फुरकान शुएब जुनैद मोहम्मद फैजान शावेज कुर्बान संजीव राजपूत राजीव सैनी आदि लोग रहे।

# (पृष्ठ 1 का शेष भाग)

### हम 'हीरोइन' नहीं 'हेरोइन'...

इसलिए महाराष्ट्र पुलिस को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन हमें हमारी मुंबई और महाराष्ट्र पुलिस पर अभिमान होना चाहिए। उन्होंने गृह मंत्री दिलीप वालसे-पाटिल से कहा, मुझे लगता है कि हेरोइन जब्त करने के लिए पुलिस को सम्मानित किया जाना चाहिए। CM ने नागपुर में राज्य के गृह विभाग की तरफ से रहाटे कॉलोनी स्थित प्रादेशिक न्याय सहायक वैज्ञानिक प्रयोगशाला में बनाई गई देश की पहली वन्य जीव व मानव डीएनए जांच लैब का उद्घाटन किया। इसी कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इस लैब से कानून में और मजबूती लाने के लिए आवश्यक सबूत उपलब्ध करने, अपराधों को हल करने और अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने की प्रक्रिया को गति मिलेगी। कार्यक्रम में राज्य के गृह मंत्री दिलीप वालसे पाटिल, ऊर्जा मंत्री नितिन राउत, पशु संवर्धन मंत्री सुनील केदार भी मौजूद थे। CM ने आगे कहा कि फास्ट ट्रैक डीएनए यूनिट और वन्य जीव डीएनए लैब बनने का फायदा उन पीड़ितों को मिलेगा, जिनके केस बेहद गंभीर हैं। खासकर महिलाओं के साथ होने वाले रेप जैसे अपराधों का खुलासा करने और दोषियों को जल्द सजा दिलाने के कार्य में तेजी आ सकेगी।

### राज ठाकरे को कोरोना...

पूरे संक्रमण काल में राज सिर्फ एक बार इतिहासकार और लेखक बाबा साहब पुरंदरे से मुलाकात के दौरान मास्क पहना था। पूरे संक्रमण काल में राज सिर्फ एक बार इतिहासकार और लेखक बाबा साहब पुरंदरे से मुलाकात के दौरान मास्क पहना था। राज ठाकरे और उनकी मां को लीलावती अस्पताल ले जाया गया है। वहां उन्हें मोनोक्लोनल एंटीबॉडी कॉकटेल दिया जाएगा। एंटीबॉडी दिए जाने के बाद तीन घंटे में दोनों को घर छोड़ दिया जाएगा। सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द किए गए मनसे प्रमुख के घर काम करने वाली एक महिला को कोरोना संक्रमण हुआ है। इसकी पुष्टि के बाद राज ठाकरे ने अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। राज की शनिवार को मुंबई के भांडुप और रविवार को पुणे में एक सभा होने वाली थी। वे कार्यकताओं से भी मुलाकात करने वाले थे। मनसे की ओर से कहा गया है कि रद्द की गई सभी सभाओं को बाद में किया जाएगा।

### ड्रग्स केस में लेन-देन की ...


इस केस से जुड़े किसी भी आरोपी के परिवार के सदस्यों के बैंक अकाउंट डिटेल्स की जांच नहीं की जाएगी। अनन्या के बैंक अकाउंट्स की जांच के सवाल पर जांच एजेंसी ने कहा कि जो भी लोग इस केस से किसी भी तरह से जुड़े हैं (संदिग्ध या गवाह के तौर पर) सभी के अकाउंट्स की जांच की जाएगी। अनन्या जांच में सहयोग कर रही हैं। एनसीबी ने कहा कि वे हाईकोर्ट में आरोपियों की जमानत का विरोध करेंगे। आर्यन खान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस केस की जांच कर रही एनसीबी अब आर्यन खान और अनन्या पांडे की वॉट्सऐप चैट के साथ दोनों के फाइनेंशियल ट्रांजेक्शंस की डिटेल भी खंगाल रही है। जांच एजेंसी को कुछ संदिग्ध लेन-देन के सबूत मिले हैं। इसीलिए अब अलग-अलग तरीकों से किए गए तमाम ट्रांजेक्शंस की पड़ताल की जा रही है।

### दिवाली पर राजू पोपट का निकलेगा दिवाला...

राजू पोपट व दिलीप टप्पू सतरा प्लाजा पहिला माला 19/D पाम बीच रोड वाशी नवी मुंबई में चल रहा है अवैध रूप से जुगार का धंधा। वैसे देखा जाये तो महाराष्ट्र में जुगार के अड्डों की भरमार है। अखबारों में बार बार खबरें प्रकाशित होने के बाद भी पुलिस प्रशासन कर्तव्यविमूढ़ है। अब तो पुलिस प्रशासन भी भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा हुआ है। मटके और जुगार के धंधों में पुलिस प्रशासन की हिस्सेदारी ये दर्शार्ता है कि कानून व्यवस्था का कितना मजाक उड़ाया जा रहा है। यही कारण है कि जुगार जैसे अवैध धंधा करने वालों पर कोई भी कार्रवाही नहीं हो रही है। कार्यवाही वहीं होती है जहां जहां से माल नहीं मिलता है। इस अवैध धंधों के कारण कितने परिवार बर्बाद हो रहे हैं परंतु न ही सरकार को इसकी चिंता है और न ही पुलिस प्रशासन को। सामाजिक संगठनों व जागरूक नागरिकों का कहना है कि शिकायत के बावजूद पुलिस के आला अधिकारी और सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। सरकार द्वारा जुगार क्लब एवं एक्कीस रमी टेबल, कैसीनो, तीन पत्ती पर प्रतिबन्ध लगाने के बावजूद सतरा प्लाजा पहिला माला वाशी में जुगार संचालक राजू पोपट व दिलीप टप्पू नामक व्यक्ति धड़ल्ले से जुगार चला रहा है। महाराष्ट्र सरकार और स्थानीय पुलिस से अपील है कि पूरी रात धड़ल्ले से जुगार चलाकर युवा पीढ़ी, महिलाओं व सीनियर सिटीजन को बर्बाद करने वाले संचालक राजू पोपट व दिलीप टप्पू पर जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की जाये, ताकी हजारों युवा पीढ़ी, महिलाओं व सीनियर सिटीजन के जुगार की लत से बर्बाद हो रही जिंदगी बच सके।

### 25 करोड़ आर्यन खान की आजादी की ...

महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नवाब मलिक ने कहा, 'हम मुख्यमंत्री और गृहमंत्री से मुलाकात करेंगे। इस मामले की जांच एसआईटी से कराई जाएगी। इस शहर में तकरीबन एक साल से एक संगठित अपराध किया जा रहा था। इससे करोड़ों रुपये इकट्ठा किए गए।' यही नहीं, नवाब मलिक ने कहा, 'दो मामले खुले हैं और अबतक एक की भी इस वर्ष गिरफ्तारी नहीं हुई। लोगों को बुलाया जा रहा था और उनसे पैसा इकट्ठा किया जा रहा था। गलत मामले उठाए जा रहे थे। यदि जांच होती है तो कई खुलासे होंगे। हम मुख्यमंत्री से एसआईटी जांच की मांग करेंगे।'




## अद्भुत ग्रुप है Flab to Fab - मनप्रीत

**बेहरीन,संवाददाता शैला खान।** एक बहुत ही अद्भुत ग्रुप है फ्लैब तो फैब, जिस मैं हम लोग स्वस्थ रेसिपीस शेयर करते हैं। ये ग्रुप की एडमिन मनप्रीत जी है। वो एक बहुत ही अच्छी इंसान है। जो निस्वार्थ सबकी सेवा करती है। ये ग्रुप भी उन्होन गृहिणियों (हाउसवाइव्स) के लिए ही चला है जो अपने वजन को लेकर परेशान है। फ्लैब टू फैब माई क्लासेस भी आयोजित करवाती है जैसी की रती फुल बॉडी वर्कआउट, पूर्वी फेस योगा, सीमा योग, शीतल जुम्बा। ये अबराज की सोसाइटी से ही है अभी लोग। यह सब आप में बहुत प्यार से रहते हैं। फ्लैब तो फैब ने तेशर के प्रसिद्ध गीत पर जलेबी बेबी के गीत पर वीडियो बंगा है। सारी की सारी नॉन डांसर्स है और सबने बहुत ही बहनें डांस किया है। ये आइडिया भी मनप्रीत का ही था। सबको डांस करने में मदद शीतल और हरिणी ने करी। शैला खान राही द्वारा स्टाइलिंग। मनप्रीत एक बहुत ही अच्छी काम कर रही है और वो जो भी कुछ करती है सब फ्री होता है कोई चार्ज नहीं। हम सबकी दुआ है फ्लैब तो फैब आगे बढ़ता रहे है और सब लोग उसका अच्छे से फायदा ले और अपनी जिंदगी मैं उसे एडाप्ट करे।

## पर्यावरण प्रेमिका भीलवाड़ा की डॉ. सुनीता खोखर के जज्बे को सलाम



**मुंबई हलचल ब्यूरो / भैरु सिंह राठौड़ भीलवाड़ा (राजस्थान)।** कहते हैं इंसान में किसी भी क्षेत्र में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो वह उसमें सफल जरुर होता है। आज हम पर्यावरण प्रेमिका भीलवाड़ा की ऐसी शख्सियत डॉ. सुनीता खोखर से रुबरु करवा रहे हैं जो पर्यावरण को बचाने में जी जान से जुटी हैं। जी हाँ भीलवाड़ा के चन्द्रशेखर आजाद नगर में रहने वाली डॉ. सुनीता खोखर हमेशा पर्यावरण को बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चाहे पर्यावरण दिवस हो या या कोई भी कार्यक्रम हो वह मानव जीवन की आवश्यकता पेड़ पौधों की देखभाल के बारे में हमेशा लोगों को जागरुक करती रहती हैं। डॉ. सुनीता खोखर दलितों के लिए संघर्षरत वाल्मीकि संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारतीय स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ राजस्थान की प्रदेश मंत्री हैं। डॉ. सुनीता खोखर भीलवाड़ा में समाजसेवा के लिए जानी जाती हैं। डॉ. सुनीता खोखर के समाजसेवा व पर्यावरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। यूँ तो डॉ. सुनीता खोखर कई क्षेत्र में सक्रिय हैं मगर उनका मुख्य फोकस पर्यावरण पर ही केन्द्रित हैं। जब डॉ. सुनीता खोखर ने मुंबई हलचल से बात कि तो पर्यावरण के प्रति उनका आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। पर्यावरण के प्रति जनता में अलख जगाने वाली डॉ. सुनीता खोखर ने कहा कि लोगों को शुद्ध वातावरण के लिए हमेशा पेड़ पौधों की परवरिश करनी चाहिए। खेजड़ी के वृक्षों को बचाने के लिए अपने जीवन का बलिदान करने वाली अमृता देवी के संघर्ष और जीवन से वो काफी प्रभावित हैं। डॉ. सुनीता खोखर बताती हैं कि सभी को पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित रखना चाहिए क्योंकि पेड़ पौधों के बिना हमारा जीवन और जल संभव ही नहीं हैं। डॉ. सुनीता खोखर के पर्यावरण के प्रति बढ़ते हौसले और जज्बे को हमारी तरफ से सौ सौ सलाम और शुभकामनाएँ हैं।

## मुंबई मराठी ग्रंथ संग्रहालय के उम्मीदवारों को वोट देने का अधिकार नहीं है

मुंबई मराठी ग्रंथ संग्रहालय के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव रविवार 24 अक्टूबर को हो रहे हैं। इस चुनाव में शरद पवार समेत 16 उम्मीदवारों को वोट देने का अधिकार नहीं है। इससे उन नियमों पर सवाल खड़ा




होता है जिनके तहत चुनाव हो रहे हैं। चुनाव रविवार, 24 अक्टूबर, 2021 को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक संग्रहालय के सुरेंद्र गावस्कर हॉल, नायगांव में हो रहा है। इस चुनाव में शरद पवार ने अध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया है और धनंजय शिंदे ने चुनौती दी है। अनिल गलगली ने चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए चैरिटी कमिश्नर को पत्र भेजकर 34 की जगह 6,000 से ज्यादा मतदाताओं को वोट देने का अधिकार दिया है। गौरतलब है कि जिन 34 मतदाताओं को वोट का अधिकार दिया गया है, उनमें 16 उम्मीदवार शामिल नहीं हैं। अनिल गलगली के अनुसार, संगठन के संविधान के अनुच्छेद 10:1 के अनुसार, जब 6000 से अधिक मतदाता हैं, केवल 34 मतदाताओं को जानबूझकर मतदान का अधिकार दिया गया है।



## अजहर हुसैन फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर को अखंड भारत गौरव अवार्ड 2021 से सम्मानित किया

अजहर हुसैन फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर को मिला अखंड भारत गौरव अवार्ड 2021 लेजेंड फिल्म ऐक्ट्रेस जाया प्रदा और एक्टर कॉमेडियन राजपाल यादव के हाथों द्वारा सम्मान किया गया, चंडीगढ़ के हॉलीडेन इन होटल में 19 अक्टूबर को यह समारोह रखा गया था, मुंबई ग्लोबल और बंटी इंटरटेनमेंट के द्वारा जिसके ऑर्गेनाईजर राजकुमार तिवारी बंटी गुप्ता अमित शर्मा थे इस कार्यक्रम को संपूर्ण तरह से मैनेज करने में सहयोग किया है। रेडएसिड फि ल्म ने, अजहर हुसैन ने बताया इस कार्यक्रम को करने में ऑर्गेनाइजर्स बहुत मेहनत करते हैं और इस कार्यक्रम में बहुत ही बड़े बड़े हस्तियां उपलब्ध थे, इस कार्यक्रम के ऑर्गेनाईजर राजकुमार तिवारी से अजहर हुसैन के बहुत ही अच्छे रिश्ते रहे हैं एक भाई की तरह, राजकुमार तिवारी मुंबई में (मुंबई ग्लोबल) न्यूज पेपर हिंदी और अंग्रेजी पत्रिका चलाते हैं और मुंबई में मुंबई ग्लोबल अचीवर्स अवार्ड सातवां सीजन कर रहे हैं, और हमेशा अजहर हुसैन को अपने हर कार्यक्रम में साथ रखते हैं, अजहर हुसैन के काम से वह बहुत ही प्रेरित होते हैं और उनकी नई-नई उपलब्धियां की वजह से अजहर हुसैन को सम्मानित करते हैं।

## वांछित फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनीता मेहरोत्रा सम्मानित किया गया



**मुंबई हलचल ब्यूरो / भैरु सिंह राठौड़ भीलवाड़ा (राजस्थान)।** दिल्ली में वांछित फाउंडेशन की टीम की ओर से किए जा रहे प्रयासों के लिए व कोरोना काल मे की गई सेवा से प्रभावित होकर ग्रो - वेद इंडिया के एम. डी. श्री पवन सैनी व IEHMR Association के राष्ट्रीय महासचिव डॉ पवन आर्य द्वारा वांछित फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनीता मेहरोत्रा का राजस्थानी साफा पहनाकर एवं सम्मान पत्र देकर एवं शाल ओढाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर वांछित फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनीता मेहरोत्रा ने कहा कि उनके द्वारा जो मान सम्मान मुझे दिया गया है उससे मेरा हौसला बुलंद हुआ है और इससे भी ज्यादा अच्छा कार्य करुंगी। बेबस व असहाय लोगों के लिए हमेशा निस्वार्थ भाव से कार्य करती रहूगी। उन्होंने इसके लिए ग्रो - वेद कम्पनी का हार्दिक आभार व्यक्त किया हैं! वांछित फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनीता मेहरोत्रा को सम्मानित किए जाने पर भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष एवं दैनिक वेलकम इंडिया, दैनिक जम्मू परिवर्तन, दैनिक मुंबई हलचल के राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ (भीलवाड़ा), अखिल भारतीय मानव सेवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपुरोहित, उदयपुर की कट्टर हिन्दू नेता एवं वरिष्ठ समाजसेविका के. बी. सुखवाल, भीलवाड़ा की वरिष्ठ दलित महिला समाजसेविका डॉ. सुनीता खोखर आदि ने सुनीता मेहरोत्रा को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुल्तानपुर से की चुनावी शंखनाद

बल्दीराय सुलतानपुर विधानसभा क्षेत्र देहली बाजार स्थित हर्ष महिला पीजी कॉलेज में आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण कर जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुल्तानपुर में राजकीय मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया। 271 करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज का निर्माण होना है। सीएम योगी ने 46.33 करोड़ की लागत से 126 विकास परियोजनाओं का भी लोकार्पण और शिलान्यास किया। मंच पर जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली का उपहार, रामराज्य की स्थापना के लिए राम का अयोध्या आगमन हुआ था, इसलिए हम मेडिकल कॉलेज का उपहार देने आए हैं। 2004 से 2014 तक की सरकार का उद्देश्य भारत की आस्था पर प्रहार करना था। 2009 के बाद तो केवल घोटाले,एक परिवार दिल्ली में तो एक लखनऊ में जनता के पैसे का लाभ लेता था।सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले पर्व, त्योहार शांति से नहीं मनाया जा सकता था। दीपावली, दुर्गा पूजा और होली पर कर्फ्यू लग जाता था, दंगाई अराजकता फैलाते थे। उस समय की सत्ता मौन बनी रहती थी, लेकिन 2017 के बाद यूपी में दंगाई सिर नहीं उठा पाया। उसे पता है कि सात पीढ़ी का उसे पट्टा देना पड़ेगा। वह भरते-भरते मर जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि अपना बुलडोजर हर दम तैयार रहता है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा के लिए अपना परिवार ही सब कुछ है, जबकि भारतीय जनता पार्टी के लिए 25 करोड़ जनता परिवार है।इस मौके पर जिले भर के भाजपा के पदाधकारीगण उपस्थित रहे।



## कालियास के जोगेंद्र सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराएंगे पत्रकार राठौड़



**मुंबई हलचल ब्यूरो / भैरु सिंह राठौड़ भीलवाड़ा (राजस्थान)।** जिले की आसींद तहसील के कालियास कस्बे के वहन वाले 45 वर्षीय जोगेंद्र सिंह चुंडावत पिता भंवर सिंह चुंडावत के खिलाफ पैसे हड़पने एवं जालसाजी कर धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज कराएंगे भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष एवं दैनिक वेलकम इंडिया, दैनिक जम्मू परिवर्तन तथा दैनिक मुंबई हलचल के राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़। मामले के अनुसार आरोपी जोगेंद्र सिंह चुंडावत ने फरेब कर पल्स ग्रीन कंपनी के नाम पर पत्रकार राठौड़ से प्रति माह 1100 रुपए रुपए घर आकर ले जाते थे। सबसे बड़ी ताजुब की बात तो यह है कि आरोपी जोगेंद्र सिंह चुंडावत बदले में 1100 रुपए की रसीद भी देते थे! बकायदा पत्रकार राठौड़ के पास जोगेंद्र सिंह चुंडावत द्वारा दी गई सभी रसीदें भी सुरक्षित है। जब पत्रकार राठौड़ को कुछ शंका हुई तो राठौड़ ने जोगेंद्र सिंह से रुपए का तकाजा किया तो जोगेंद्र सिंह कंपनी के फेल हो जाने की बात कहता रहा! पत्रकार राठौड़ के पास 12,000 से कुछ उपर की रसीदें मौजूद हैं। जब पत्रकार राठौड़ ने विनम्र अनुरोध किया तो आरोपी जोगेंद्र सिंह आजकल आजकल करता रहा है। गौरतलब हैं कि ऐसे धोखाधड़ी के अकेले कालियास कस्बे में जोगेंद्र सिंह के खिलाफ लाखों रुपए की धोखाधड़ी के दर्जनों मामले सामने आए हैं, और सभी के पास आरोपी जोगेंद्र सिंह द्वारा दी गई रसीदें सुरक्षित है। जब पत्रकार राठौड़ ने सभी पिड़ितों से इस बारे में बात कि तो सभी ने अदालत में मामला दर्ज कराने पर अपनी अपनी सहमति जताई हैं।

# नेहरू युवा केंद्र मुंबई एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किया गया स्वच्छ भारत अभियान

### गेट ऑफ इंडिया और बांद्रा बैंडस्टैंड समुद्री किनारा को साफ सफाई



**संवाददाता**

**मुंबई।** नेहरू युवा केंद्र खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम स्वच्छ भारत अभियान बांद्रा ताज लैंड्स एंड होटल के बगल में बैंडस्टैंड समुद्री किनारा बीएमसी गार्डन स्वच्छ भारत अभियान का कार्यक्रम, सुबह 8:00 बजे से शुरू हुआ कार्यक्रम में आए अलग-अलग जगह से बच्चे, कार्यक्रम में 200 से 300 तक बच्चे दिखाई दिए संस्था के साथ-साथ कई कॉलेज ने भाग लिया कॉलेज के बच्चे प्रोफेसर सभी लोगों ने स्वच्छ भारत अभियान में हिस्सा लिया बढ़-चढ़कर स्वच्छ भारत के मिशन को अच्छी तरह से निभाने की कोशिश किया गया। भाग लेने वाले कॉलेज सिद्धार्थ कॉलेज एमएम कॉलेज एनएसएस की सभी बच्चे और सीआरपीएफ के जवान और द हुमन योगा फाउंडेशन के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया स्वच्छता अभियान में बच्चों को स्वच्छता अभियान का टीशर्ट टोपी, और हाथ नकाब पहनने के लिए दिया गया, साथ ही नेहरू युवा केंद्र खेल मंत्रालय भारत सरकार के स्वच्छता अभियान का सर्टिफिकेट भी जारी किया गया। प्राइम मिनिस्टर नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी की इच्छा है पूरे भारत को स्वच्छ बनाने की और योग के जरिए स्वस्थ बनाने का बीड़ा उठाया है हमारे सबके प्रिय श्री नरेंद्र मोदी जी उनका कार्य इतना सुंदर है कि सभी देश उनका टी गाना गाता है नेहरू युवा केंद्र खेल मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से सचिव उषा शर्मा जी युवा खेल मंत्रालय की तरफ से स्वच्छ भारत के मिशन को पूरा करने के लिए सभी अधिकारियों के साथ सभी बच्चों के साथ मिलकर सभी जगहों पर कचरा उठाने का काम किया मैडम ने अपने हाथों से कचरा उठाकर कचरा के थैली में डाला करीब 1 से 2 घंटे मेहनत किया। महाराष्ट्र इस धरती पर उषा शर्मा मैडम ने कार्यक्रम में आए सभी अधिकारी और बच्चों को शपथ भी दिलाया कि पूरे भारत में स्वच्छता का अभियान चालू रहना चाहिए और प्लास्टिक को खत्म करना है प्लास्टिक के बर्तन के जगह पर कुल्हड़ का इस्तेमाल करने के लिए उपदेश भी दिया है और गेट ऑफ इंडिया और बांद्रा बैंडस्टैंड के दोनों ही जगहों का स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम का खूब तारीफ किया मैडम जी ने इसी के साथ सारे लोग खुश हो गए, सभी अधिकारी और बच्चों के साथ साथ ही नेहरू युवा केंद्र की तरफ से डायरेक्टर जनरल श्री विजय कुमार जी सभी बच्चों के साथ सभी अधिकारियों के साथ मिलकर कार्यक्रम को मजबूत बनाने का काम किया। महाराष्ट्र और गोवा के डायरेक्टर श्री प्रकाश मनोहरी साहब और पुणे के डिप्टी डायरेक्टर खेल मंत्रालय नेहरू युवा केंद्र की तरफ से यशवंत मान खेड़कर सभी बच्चों को संबोधित करते हुए दोनों ही डायरेक्टर मिलके कार्यक्रम के जरिए सभी को स्वच्छ भारत के मिशन को पूरा करने में सहयोग दिया मुंबई डीवाईसी नेहरू युवा केंद्र मुंबई की तरफ से डॉ कविता श्रीवास्तव ने सभी अधिकारियों के साथ पूरी लगन से शुरू से लेकर लास्ट तक सभी के साथ स्वच्छ भारत मिशन को पूरा करने में सहयोग दिया और लास्ट तक डटी रही इसी के साथ राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री प्रेम कुमार मैं भी अपने भाषण से बच्चों को मोहित कर लिया और उन्होंने भी साथ में स्वच्छ भारत का मिशन को पूरा करने में सहयोग पूरी तरह से दिया साथ ही आत्मनिर्भर भारत के उपाध्यक्ष श्री राम कुमार पाल केरकर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष उन्होंने भी शुरू से लास्ट तक स्वच्छ भारत के मिशन को पूरा करने में पूरा सहयोग दिया पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा एन वाई के ऑफिसर श्री मदन गोघाटे,सुबह सात बजे से लास्ट तक अपने कार्य को अंजाम देने में पूरा सहयोग दिया सहयोगी किशन सर भी सहयोग दिए कार्यक्रम को बीएमसी की ऑफिसर आयुक्त सुभाष जल्दी सर का भी पूरा योगदान रहा कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र खेल मंत्रालय भारत सरकार के गेट ऑफ इंडिया और बांद्रा बैंडस्टैंड के इस कार्यक्रम को शुरू से लेकर लास्ट तक द ह्यूमन योगा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट श्री योग गुरु राधश्याम जयसवार सभी बच्चों को योग सिखाया ताकि बच्चों में किसी भी प्रकार की दिक्कत ना आगे काम करने में और साथ में सभी बच्चों के साथ सभी अधिकारियों के साथ शुरू से लेकर लास्ट तक डटे रहे कार्यक्रम में स्वच्छ भारत अभियान को सभी लोगों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



## 66 वीं हैंडबॉल प्रतियोगिता में सांगानेर टीम ने पहला मैच जीता

**मुंबई हलचल ब्यूरो / भैरु सिंह राठौड़ भीलवाड़ा (राजस्थान)।** ज्ञानगढ़ में चल रही 65 वी जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में सांगानेर टीम पहले मैच में विजय रही इसका स्कोर 11-2 और दावड़ा के खिलाफ 10-0 का स्कोर इसी के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गई टीम प्रभारी संजय चौधरी ने मुंबई हलचल को बताया कि टीम का प्रदर्शन बहुत ही अच्छा रहा हैं और इनके कोच का प्रदर्शन भी अच्छा रहा एनएसयूआई ज़िला महासचिव देव कालियास ने मुंबई हलचल को बताया कि कोच गोरधन बलाई, विनोद बलाई शंकर बलाई, द्वारा टीम को अच्छी प्रैक्टिस करवाई गई है। टीम कप्तान बनवारी बलाई, पहलाद, नीरज, बाबू, उदल, विशाल, हनुमान, किशन, सुनील, लक्ष्मण, किशन बलाई आदि खिलाड़ी मौजूद थे। अन्त में राहुल देव कालियास ने समाज के सभी खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि खिलाड़ी हमेशा खेल को खेल की भावना से खेलें तो सफलता सुनिश्चित हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# पत्रकारों के साथ बदसलूकी करने वालों पर दर्ज होगी एफआईआर

# 'हो सकती है जेल'

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद पीएम और सीएम का भी ऐलान आया है कि, पत्रकारों से अभद्रता करने वालों पर लगेगा 50,000 का जुमार्ना एवं पत्रकारों से बदसलूकी करने पर 3 साल की जेल भी हो सकती है। पत्रकारों को धमकाने वाले को 24 घंटे के अंदर जेल भेज दिया जाएगा । पत्रकारों को धमकी के आरोप में गिरफ्तार लोगों को आसानी से नहीं मिलेगी जमानत सीएम योगी का कहना है कि पत्रकारों को परेशानी होने पर तुरंत संपर्क कर सहायता प्रदान करें और पत्रकारों से मान-सम्मान से बात करें वरना आप को महंगा पड़ सकता है।

## बदसलूकी करने वालों पर दर्ज होगी एफआईआर

बदसलूकी करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर नहीं तो एसएसपी पर कार्यवाही होगी । पत्रकारों के साथ बढ़ती ज्यादती और पुलिस के अनुचित व्यवहार के चलते कई बार पत्रकार आजादी के साथ अपना काम नही कर पाते हैं, उसी को ध्यान में रखते हुए भारतीय प्रेस काउंसिल के अध्यक्ष मार्कण्डेय काटजू ने राज्य सरकारों को चेतावनी देते हुए निर्देश भी दिया है कि पुलिस आदि पत्रकारों के साथ बदसलूकी ना करे।

## पत्रकार भीड़ का हिस्सा नही हैं :

किसी स्थान पर हिंसा या बवाल होने की स्थिति में पत्रकारों को उनके काम करने में पुलिस व्यवधान नहीं पहुँचा सकती। पुलिस जैसे भीड़ को हटाती है वैसा व्यवहार पत्रकारों के साथ नहीं कर सकती।

ऐसा होने की स्थिति में बदसलूकी करने वाले पुलिसवालों या अधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज किया जायेगा। काटजू ने कहाँ कि, 'जिस तरह कोर्ट में एक अधिवक्ता अपने मुवक्किल का हत्या का केस लड़ता है पर वह हत्यारा नही हो जाता है। उसी प्रकार किसी सावर्जनिक स्थान पर पत्रकार अपना काम करते हैं पर वे भीड़ का हिस्सा नहीं होते। इसलिए पत्रकारों को उनके काम से रोकना मीडिया की स्वतंत्रता का हनन करना है।'

## सभी राज्यों को दिए निर्देश :

प्रेस काउन्सिल ने देश के केबिनेट सचिव, गृह सचिव, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिवों व गृह सचिवों को इस सम्बन्ध में निर्देश भेजा है और उसमें स्पष्ट कहा है कि, पत्रकारों के साथ पुलिस या अर्द्धसैनिक बलों की हिंसा बर्दाश्त नही की जायेगी। सरकारें ये सुनिश्चित करें कि, पत्रकारों के साथ ऐसी कोई कार्यवाही कहीं न हो। पुलिस की पत्रकारों के साथ की गयी हिंसा मीडिया की स्वतन्त्रता के अधिकार का हनन माना जायेगा जो संविधान की धारा 19 एक ए में दी गयी है और इस संविधान की धारा के तहत बदसलूकी करने वाले पुलिसकर्मी या अधिकारी पर आपराधिक मामला दर्ज होगा।

# देश में संस्कारित बच्चों से ही राष्ट्र का भविष्य सुनिश्चित होगा - अनिल आर्य

**मुंबई हलचल ब्यूरो / भैरु सिंह राठौड़**

**भीलवाड़ा (राजस्थान)।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में बच्चों का निर्माण कब और कैसे? पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल में 301 वाँ वेबिनार था। वैदिक विद्वान आचार्य विजय भूषण आर्य ने कहा कि बालक का निर्माण माँ के गर्भ से ही शुरू हो जाता है।बच्चों के जीवन के निर्माण की मुख्य ज़िम्मेदारी सबसे पहले मां, उसके बाद पिता और इसके बाद गुरु की।सभी अपने बच्चों को सर्वगुण सम्पन्न तो देखना चाहते हैं परन्तु उस के लिये आज माता पिता के पास समय नहीं है। कहलाने को तो बच्चे हमारा असली धन हैं,परन्तु हम इस असली सम्पत्ति के स्थान पर रुपये पैसे वाली सम्पत्ति को अधिक महत्व दे रहे हैं। पहले की माताओं में वीर शिवाजी की, माता जीजा बाई,भगत सिंह की माता विद्यावती,अभिमन्यु की माता सुभद्रा सुभाष चन्द्र बोस की माता प्रभा देवी,माता मदालसा, माता शकुन्तला आदि ने अपने नौनिहालों को तराशा था। उन्हें घुट्टी में संस्कार प्रदान किये थे। जीवन का निर्माण करना कोई हंसी खेल नहीं है। बच्चों को जन्म देना कोई बड़ी बात नहीं है, बड़ी बात है उन्हें बचपन से ही अच्छा इन्सान बनाना। जिस बालक को तीन योग्य और विद्वान माता, पिता और गुरु मिल गये समझ लो वह बालक धन्य हो गया। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश में इसीलिए लिखा था- मातृमान पितृमान आचार्यवान पुरुषो वेद। ऐसे बालक और बालिका ही आगे चलकर एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज का निर्माण करते हैं और समाज व देश की सेवा कर अपना, अपने माता-पिता और गुरु का नाम रौशन कर जीवन धन्य करते हैं। घर परिवार में सुख शान्ति भी बुद्धि मान माता पिता ही बनाए रख सकते हैं। वे न आपस में लड़ते झगड़ते हैं और न ही एक दूसरे को अपशब्द कहते हैं। बच्चे माता पिता के भाषण से इतना नहीं सीखते जितना उनके व्यवहार से सीखते हैं। आज के भागादौड़ी के युग में हमें अपने बच्चों के लिए समय अवश्य निकालना चाहिए ताकि हम अपने बच्चों को अच्छा बना सकें । कहीं ऐसा न हो कि आज की चकाचौंध में फंस कर हम अपने स्टेटस को बनाने में लगे रहें और बच्चों को हम इग्नोर करते रहें। यदि ऐसा हुआ तो कहीं भविष्य में हमें पछताना न पड़े।समय निकल जाने पर हमारे हाथ फिर कुछ नहीं लगेगा। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने मुंबई हलचल से कहा कि बच्चों को बाल्यकाल में दिये गए संस्कार जीवन में नीव का काम करते हैं। संस्कारित बच्चे ही राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य है। इसलिए नयी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास व चरित्र निर्माण पर समय रहते ध्यान देना चाहिए जिससे वह कुल,परिवार, समाज व राष्ट्र के सच्चे प्रहरी बन सके। मुख्य अतिथि अनुपम आर्य (मंत्री,आर्य समाज हापुड़) ने कहा कि आज शिक्षा में बच्चों के संस्कारों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा यह चिंता की बात है केवल किताबी ज्ञान उसका कल्याण नहीं कर सकते। अध्यक्षता कर रही आर्य युवा नेत्री दीप्ति सपरा ने कहा कि बचपन में बताई और सिखाई हर छोटी छोटी बात एक एक ईंट का काम करती है। आसपास का वातावरण भी इस निर्माण में सहायक होता है। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि पुरातन गुरुकुल पद्धति सर्वोत्तम थी जो मानव निर्माण करती थी। गायिका प्रवीन आर्या, प्रवीना ठक्कर, सुदेश आर्या, उर्मिला आर्या, रजनी चुघ,आशा आर्या, रविन्द्र गुप्ता, रेखा वर्मा, किरण सहगल, बिंदु मदान आदि ने मधुर भजन प्रस्तुत किए। प्रमुख रूप से आनन्द प्रकाश आर्य, ओम सपरा, सुशांता अरोड़ा, दमयंती गुप्ता, प्रतिभा कटारिया, जनक अरोड़ा, आर. पी. सूरी आदि उपस्थित थे।








# डीआईजी एसएसपी ने पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**विद्या शंकर शुक्ला मुंबई हलचल**

**प्रयागराज।** संगठन के पदाधिकारियों सदस्यों को कोरोना काल में पत्रकारों और उनके परिवारों की बढ़-चढ़कर मदद करने के लिए किया गया सम्मानित, जिला अपराध निरोधक समिति ने आयोजित किया था समारोह। आर्य कन्या इंटर कॉलेज के सभागार में हुआ सम्मान समारोह न्यायमूर्ति राजीव लोचन मल्होत्रा डीआईजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने रविवार को पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्रम देकर प्रयागराज इलेक्ट्रॉनिक मीडिया वेलफेयर क्लब के अध्यक्ष आलोक सिंह,वरिष्ठ उपाध्यक्ष आकिब रजा,सचिव नितिंन गुप्ता, संयुक्त सचिव पंकज चौधरी, ऑडिटर राजीव खरे ,प्रचार सचिव रोबिन मोनू,सहायक प्रचार सचिव राजकुमार चौधरी, वरिष्ठ सदस्य आरिफ राजू,आनन्द राज, मोहम्मद गुफरान, अंकित उपाध्याय, अशोक अवस्थी को किया सम्मानित, तथा कोरोना वारियर्स के रूप में स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र से नवाजे गए क्लब के पदाधिकारी सदस्य।

# संतान की चाह में दो नरबलि से हिल उठा ग्वालियर मुख्य आरोपी ने दोनों कॉल गर्ल से बनाया था संबंध

**भोपाल।** बच्चे की चाह कभी-कभी इंसान को सीरियल किलर भी बना देता है। उसे पता नहीं चलता कि कब वह हत्यारा बन गया। ग्वालियर में बच्चे के लिए एक सप्ताह में दो कॉल गर्ल को नरबलि देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इतना ही नहीं दोनों कॉल गर्ल की नरबलि देने से पहले इस वारदात का मास्टरमाइंड नीरज परमार ने शारीरिक संबंध बनाया था। इसके बाद उनकी गला घोंटकर हत्या कर दी गई। यही नहीं, तांत्रिक भी शातिर और हाईटेक है। दोनों बलि के समय वह वीडियो कॉल पर मौजूद था। वह वहीं से तंत्र मंत्र पढ़ रहा था। नेटवर्क समस्या होने से वीडियो कॉल कट गया, जिसके बाद सामान्य कॉल कर तांत्रिक मंत्र पढ़ने लगा। घटना के बाद नीरज परमार शव को ठिकाना लगाने के लिए ने बाइक पर लाश को लादकर गांव से बाहर की ओर से ले जा रहा, इसी दौरान शव फिसलकर नीचे गिर गया जिसके बाद मामला उजागर हुआ। 21 अक्तूबर की सुबह एक लड़की की पहचान एक कॉलेज के पास मुरैना रोड पर महिला का शव सड़क किनारे पड़ा मिला था। गर्दन पर गला दबाने और कसने के निशान थे। पहचान हजीरा की रहने वाली आरती उर्फ लक्ष्मी मिश्रा (40 साल) के रूप में हुई थी। पुलिस ने इस मामले में मोतीझील की ममता, उसके पति बेटू भदौरिया, बेटू की बहन मीरा राजावत, मीरा का पुरुष दोस्त नीरज परमार और तांत्रिक गिरवर यादव को गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि ममता और बेटू को शादी के 18 साल बाद भी बच्चे नहीं हो रहे थे। तांत्रिक ने उन्हें मानव बलि देने को कहा था। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि पहली बलि 13 अक्तूबर को दुर्गाष्टमी के दिन नीरू की दी थी। मास्टरमाइंड नीरज परमार ने नीरू के साथ पहले संबंध बनाया फिर उसकी हत्या की। हत्या से पहले नीरू ने शराब पी ली थी। जिस पर तांत्रिक इस बलि को खंडित बताकर दूसरी बलि का इंतजाम करने के लिए कहा था। इसके बाद उन्होंने आरती उर्फ लक्ष्मी मिश्र नाम की कॉल गर्ल को पकड़ा गया, जिसके 10 हजार रुपये देकर शरद पूर्णिमा के दिन बलि दी गई। मोतीझील में बेटू भदौरिया की छत पर उसके साथ संबंध बनाए फिर गला घोंट दिया। जिस समय वह उसकी हत्या कर सिंदूर लगा रहा था, तो उस समय तांत्रिक अपने घर से मोबाइल के जरिए मंत्रों का उच्चारण कर रहा था।

मेकअप आपको खूबसूरत दिखने में मदद करता है। इसकी मदद से खूबसूरती को और ज्यादा संवारा जा सकता है। हालांकि कुछ महिलाओं को मेकअप के दौरान कई परेशानियां होती है, जैसे कई लोगों की आंखों से पानी आता है। अगर आई मेकअप के दौरान आपकी आंखों से भी आंसू आते हैं तो आप इन टिप्स को फॉलो कर सकते हैं।

# मेकअप के दौरान आंखों से आता है पानी?

## इन टिप्स को करें फॉलो



**1) मेकअप ब्रश को साफ रखें**

मेकअप ब्रश को इस्तेमाल करने के बाद उसे यूही न रखें, इसे अच्छे से साफ करें। ब्रश को आप शैंपू से साफ करें। इसके लिए आप बेबी शैंपू का इस्तेमाल कर सकती हैं। खराब ब्रश से बार-बार मेकअप करने से भी आंखों से पानी आता है।

**2) मेकअप प्राइमर का करें इस्तेमाल**

फेस पर मेकअप करने से पहले चेहरे को अच्छे से वॉश करें और फिर प्राइमर का इस्तेमाल करें। इसकी मदद से आंखे कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स से बची रहती हैं।

**3) लोअर लैश पर न लगाएं**

अक्सर महिलाएं जब लोअर लैश पर लाइनर लगाती हैं, तब आंखों से पानी आता है। ऐसे में आप लोअर लैश पर लाइनर लगाने से बचें। आप काजल का इस्तेमाल करें।


**4) ऊपर की तरफ फूंक**

अगर आंखों से पानी आना शुरू हो रहा है तो आप इस हैक को अपना सकती हैं। जब पानी आए तो आप ऊपर की तरफ देखते हुए फूंक मारे। ये हैक आपके काम आ सकती है।

**5) चेहरे की पॉजिशन**

अगर आप आंखों का मेकअप कर रहे हैं तो अपनी आंख ज्यादा ब्लिंक होती हैं। ऐसे में पानी आने के चांस होते हैं। अगर आपके साथ ऐसा होता है तो आप चेहरे को थोड़ा उठाकर मेकअप करें। ऐसा करने से आंखें कम ब्लिंक करती हैं।

# सेहत ही नहीं स्किन के लिए भी फायदेमंद है खजूर



इन दिनों स्किन प्रॉब्लम कई हद तक बढ़ती जा रही है। जिसकी वजह से लोगों को कई तरह की परेशानी हो रही है जिसमें सबसे ज्यादा जो देखने को मिल रहा है वो है बेजान और रूखी त्वचा। ऐसे में स्किन का ध्यान रखना बेहद मुश्किल होता है। स्किन की चमक को लौटाने के लिए कई तरह के ब्यूटी प्रॉडक्ट बाजार में आसानी से मिल जाते हैं, लेकिन अगर आप कुछ नेचुरल चीज को इस्तेमाल करने की तलाश में हैं तो आप खजूर का इस्तेमाल कर सकते हैं। वैसे तो खजूर सेहत के लिए खूब फायदेमंद होता है लेकिन ये स्किन के लिए भी उतना ही लाभ कारी है। इसमें भारी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट, आयरन, पोटेशियम, कैल्शियम और फास्फोरस मौजूद होता है। यह स्किन को जवां और बेदाग बनाने में मदद करता है। अब ऐसे में अगर आप खजूर को स्किन पर लगा सकते हैं। इसे हफ्ते में कम से कम दो बार लगाया जा सकता है।

## खजूर से बनाएं फेस पैक

आप खजूर से फेस पैक बना सकते हैं। इसके लिए खजूर के बीज निकाल कर इन्हें दूध में रात भर के लिए भिगो दें। फिर सुबह उठकर उसमें मलाई मिलाएं और अच्छे से पीस कर पेस्ट बना लें। इसमें हल्का सा नींबू मिलाएं और इसे साफ चेहरे पर अच्छे से लगाएं। गर्दन पर लगाना न भूलें। अब इस पैक को कम से कम 20 से 25 मिनट के लिए लगा कर रखें। जब अच्छे से सूख जाए तो स्क्रब करते हुए हटाएं।

## स्क्रब लगाने के फायदे

इसे लगाने के बाद आपकी स्किन बेहद सॉफ्ट महसूस करेगी, क्योंकि इसमें दूध और मलाई मिलाई गई है। मलाई आपकी स्किन को हाइड्रेट करने में भी मदद करती है। ये फेस पैक पिंपल्स और एक्ने की समस्या को भी दूर करने में मदद करता है। अगर आपकी स्किन पर टैनिंग है तो आप इसका इस्तेमाल करें।

# स्टाइलिश टैटू बनाने का आसान होममेड तरीका

## परमानेंट से नहीं लगेगा कम



ज्यादातर लोगों का कभी न कभी मन टैटू बनवाने का करता है लेकिन टैटू बनवाने में दर्द के बारे में सोचते ही उनके पसीने छूटने लग जाते हैं। वहीं, परमानेंट टैटू बनवाने में सबसे बड़ी मुश्किल यह होती कि इस टैटू को रिमूव कराने का प्रोसेस भी काफी पेनफुल होता है। ऐसे में हम आपके सामने लेकर आए हैं होममेड टैटू बनवाने का ऐसा यूनिक तरीका, जिससे आपका टैटू ऑरिजनल भी लगेगा और आप जब मन चाहें, इसे रिमूव भी कर सकते हैं।

## ऐसे बनाएं टैटू

टैटू बनवाने के लिए सबसे पहले आपको पेन से कोई फिगर ड्रा करना है, जो भी आप चाहते हैं। इसके बाद आपको किसी भी काजल पैंसिल से आपको फिगर पर हाइलाइट करना है। आप कुछ डिजाइन पर लिक्विड लिपस्टिक भी अप्लाई कर सकते हैं। टैटू डिजाइन पूरी तरह बन जाने पर आप इसपर फेस पाउडर या टेलकम पाउडर ब्रश की मदद से अप्लाई कर लें इसके बाद मेकअप ब्रश की मदद से इस पाउडर को हटाकर इस पर मेकअप सेटर स्प्रे कर लें।

## कब तक रहेगा यह टैटू

यह टैटू तब तक रहेगा, जब तक आप चाहें इसका मतलब यह है कि आप जब तक साबुन या बॉडी वॉश से इस टैटू को रगड़कर नहीं हटाएंगे, तब यह यह टैटू यूं ही रहेगा।

इस टैटू का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह पूरी तरह नेचुरल है, जिसकी वजह से आपको कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। इससे आपको जलन या दर्द भी नहीं होता, लेकिन आपको टैटू बनाने के लिए अच्छे काजल और लिपस्टिक का इस्तेमाल करना है, वरना आपकी स्किन पर एलर्जी हो सकती है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर